INVEST UP

POWERING NEW INDIA

Address :

4th Floor Block A PICUP Bhawan,
Lucknow, Uttar Pradesh 226010
Phone No.: +91-522-2720236, 2720238
Email: info[at]investup[dot]org[dot]in
Website - https://invest.up.gov.in/

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

10-12 FEBRUARY, 2023

New India's Growth Engine

उ0प्र0 सौर ऊर्जा नीति-2022

प्रमुख बिन्दु

- उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 मुख्य रूप से प्रदेश की जनता को सस्ती दर से विद्युत उपलब्ध कराने तथा जैव ईंधन पर निर्भरता को कम करके अक्षय ऊर्जा के स्रोत को विकल्प के रूप में उपयोग करने पर केंद्रित है।
- नीति का लक्ष्य वर्ष 2026-27 तक 22,000 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लान्ट की परियोजनाएं को स्थापित करना है।
- उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अतिरिक्त राज्य के भीतर तथा बाहर तृतीय पक्षों के कैप्टिव उपभोग और विक्रय हेतु प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनांए विकसित की जाएगी।
- 4,000 मेगा वाट क्षमता की विद्युत निकासी हेतु प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में ग्रीन इनर्जी कारिडोर की स्थापना की जा रही है तथा इसकी क्षमता वृद्धि निजी निवेश पर निर्भर है।
- सौर ऊर्जा के संयंत्र / पार्कों की स्थापना हेतु भूमि क्रय पर 100% स्टाम्प शुल्क में छूट दी जाएगी।
- 10 वर्ष तक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट प्रदान की जाएगी।
- अगले पाँच वर्षों में यूपीनेडा के प्रशिक्षण केंद्रो पर 3000 युवा सूर्य-मित्र के रूप में प्रशिक्षित किए जाएगे।
- सोलर सिस्टम की उपयोगिता को प्रोत्साहित करने के लिए 4 घण्टें की बैटरी स्टोरेज सिस्टम हेतु ₹2.5 करोड़ प्रति मेगा वाट की दर से उपादान प्रदान किया जाएगा।
- रिहायशी क्षेत्रों मे सोलर रुफटाप के अवस्थापन को प्रोत्साहित करते हुए नीति के कार्यान्वयन की अवधि में 13.5 लाख घरों को इससे आच्छादित किया जाएगा।
- अयोध्या को मॉडल पाइलट सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। तदुपरान्त 16 नगर निगमों के शहर सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाएंगे।
- सेग्रेगेटेड कृषि फीडर्स तथा ग्रिड से जुड़े हुए निजी ट्यूवेलों का सौरकरण किया जायेगा।
- सरकारी भवन तथा राज्याधीन सार्वजनिक उपक्रमों के भवन, स्कूल, राजकीय विद्यालय, तकनीकी संस्थाएं एवं विश्वविद्यालय चरणबद्ध रुप से सोलर रुफटाप से आच्छादित किए जाएंगे।

नोडल एजेन्सी: उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा)